संख्या 10/18/2008-पुनर्गठन
भारत सरकार
संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
संचार भवन, 20 अशोक रोड
नई दिल्ली-110001

दिनांक : 27.04.2009

## विज्ञापन

**विषय : भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) में सदस्य के पद पर नियुक्ति**

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) :** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) को दूरसंचार सेवाओं को विनियमित करने तथा दूरसंचार क्षेत्र के सेवा प्रदाताओं और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने एवं दूरसंचार क्षेत्र को प्रोत्साहित करने व उसका व्यवस्थित विकास सुनिश्चित करने तथा उससे संबंधित या आनुषंगिक मामलों को देखने के लिए भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) अधिनियम, 1997 द्वारा स्थापित किया गया था और यह इसी अधिनियम से शासित होता है। इसके कार्यों में (i) प्रतिस्पर्धा शुकर बनाने और दूरसंचार सेवाओं के प्रचालन में दक्षता को बढ़ावा देने के उपायों (ii) सेवा प्रदाताओं द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं में प्रौद्योगिकीय सुधारों और (iii) दूरसंचार प्रौद्योगिकी और संबंधित मामलों के विकास हेतु उपायों के संबंध में सिफारिशें करना शामिल है। यह लाइसेंस के निबंधन और शर्तों का अनुपालन तथा विभिन्न सेवा प्रदाताओं के बीच तकनीकी अनुरूपता और दक्षतापूर्ण अंतर्संयोजन भी सुनिश्चित करता है, दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने से प्राप्त हुए उनके राजस्व की सेवा प्रदाताओं के बीच हिस्सेदारी की व्यवस्था विनियमित करता है, सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवा की गुणवत्ता संबंधी मानकों को तय करता है और सेवा की गुणवत्ता सुनिश्चित करता है तथा उपभोक्ताओं के हित की रक्षा करने के लिए आवधिक सर्वेक्षण करता है एवं सार्वभौमिक सेवा दायित्वों का कारगर अनुपालन सुनिश्चित करता है।

**नियुक्ति की अवधि :** ट्राई के सदस्य का एक पद 30 जून, 2009 को रिक्त हो जाएगा। पद की अवधि अधिकतम तीन वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो, तक है। सदस्य, ट्राई प्रति माह 2,50,000/- रु0 के वेतन पैकेज के हकदार होंगे और वे सरकारी आवास अथवा परिवहन के हकदार नहीं होंगे। सरकारी कर्मचारी को, सदस्य, ट्राई के रूप में उनका चयन होने पर, सदस्य, ट्राई के पद पर कार्यभार ग्रहण करने से पहले, सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होना होगा।

**अर्हताएं** : पद पर नियुक्ति के लिए अर्हताएं निम्नानुसार हैं :-

- दूरसंचार, उद्योग, वित्त, लेखा शास्त्र, विधि, प्रबंधन या उपभोक्ता मामलों की विशेष जानकारी, और उनमें व्यावसायिक अनुभव रखने वाला व्यक्ति।
- ऐसे व्यक्ति ने सरकार में सेवा की हो अथवा नहीं की हो। यदि व्यक्ति ने सरकार में सेवा की है तो यह आवश्यक होगा कि ऐसा व्यक्ति कम से कम तीन वर्षों की अवधि तक भारत सरकार में सचिव या अपर सचिव के पद पर या अपर सचिव और सचिव के पद पर या केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार में किसी समकक्ष पद पर रहा हो।

केन्द्र या राज्य सरकार, स्वायत्त/सांविधिक संगठनों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि में कार्यरत अधिकारी अपने आवेदन उचित माध्यम से भेजेंगें।

**चयन प्रक्रियाः** उक्त पद पर चयन के लिए एक जांच समिति गठित की गई है। उक्त पद पर नियुक्ति के लिए इस विज्ञापन के माध्यम से प्राप्त आवेदन-पत्रों के अतिरिक्त, जांच समिति को किसी अन्य नाम पर भी विचार करने का प्राधिकार होगा।

**आवेदन प्रक्रियाः** इच्छुक और योग्य व्यक्ति अपने आवेदन-पत्रों को निर्धारित प्रपत्र में भेजें, जिन्हें दूरसंचार विभाग की वेबवाइट (http:// www.dot.gov.in/ ) से डाउनलोड किया जा सकता है। संबंधित दस्तावेजों की प्रतियों के साथ आवेदन-पत्र निम्नलिखित पते पर इस कार्यालय में 25.05.2009 तक पहुंच जाना चाहिए।

श्री जे0एस0 दीपक,
संयुक्त सचिव (दूरसंचार)
कमरा नं0 319, संचार भवन,
20 अशोक रोड, नई दिल्ली-110001
दूरभाषः 23717411 फैक्सः 23372049
(ई-मेल पताः ist-dot@nic.in )

निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

स॰ प्र॰ शर्मा

(एस0पी0 शर्मा)
अवर सचिव, भारत सरकार

## भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (टीआरएआई) के सदस्य के लिए आवेदन पत्र का प्रपत्र

(यदि किसी मद के समक्ष पर्याप्त स्थान न हो तो अतिरिक्त कागज/शीट को संलग्न करें)

1. नाम (स्पष्ट शब्दों में):

   नाम का अंतिम शब्द :
   नाम का मध्य शब्द :
   नाम का प्रथम शब्द :

| आवेदक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित फोटो के लिए स्थान |
|---|

2. पिता का नाम :

3. वैवाहिक स्थिति :

4. जन्म तिथि (कृपया हाईस्कूल के प्रमाण-पत्र की प्रति संलग्न करें) :

5. राष्ट्रीयता :

6. पत्र व्यहार का पता (स्पष्ट शब्दों में), जिसमें पिन कोड (स्पष्ट रूप से लिखा हो) सहित :

7. स्थाई पता ((स्पष्ट शब्दों में)) :

8. (क) दूरभाष और फैक्स सं0 (कार्यालय/आवास) :
   (ख) मोबाइल :
   (ग) ई-मेल आईडी :

9. क्या आप अ0जा0/अ0ज0जा0/अ0पि0वर्ग से संबंधित है :

10. शैक्षिक योग्यताएं (सबसे आखिरी से शुरू करके क्रमानुसार) :

| विश्वविधालय/समकक्ष संस्थान का नाम | डिग्री | उत्तीर्ण करने का वर्ष | श्रेणी/प्राप्तांकों का प्रतिशत | विशेष शैक्षिक योग्यता | विषय/विशेषज्ञता |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

11. सेवायोजन का रिकार्ड (वर्तमान पद से आरंभ करते हुए पीछे की ओर कालक्रमानुसार सूचीबद्ध करें):

| नियोक्ता का नाम और पता | पद, वेतनमान, नियमित/प्रतिनियुक्ति/तदर्थ जो भी हो उल्लेख करें | सेवा की अवधि | | कार्य की प्रकृति/अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| | | से | तक | |
| | | | | |

12. दूरसंचार उद्योग, वित्त, लेखा शास्त्र, विधि, प्रबंधन से संबंधित मामलों या उपभोक्ता मामलों या उपर्युक्त मामलों से संबंधित संस्थाओं के प्रशासन के संबंध में विशेष ज्ञान और इनमें अर्जित व्यावसायिक अनुभव तथा इन संस्थाओं में अनुभव की अवधि :

13- राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय ख्याति की पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशन यदि कोई हो प्रशास्ति और विषय-सूची के साथ

14. पुरस्कार/सम्मान यदि कोई हो :

15. कोई अन्य संबंधित सूचना :

16. घोषणा :

मैं प्रमाणित करता हूँ कि उपर्युक्त सूचना मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और पूर्ण है तथा इसमें कुछ भी छिपाया/मिथ्या वर्णित नहीं है। यदि किसी समय पर यह पाया जाता है कि मैंने कोई महत्वपूर्ण सूचना छिपायी/मिथ्या वर्णित की है तो मेरी नियुक्ति बिना किसी नोटिस के तुरत रद्द की जा सकती है।

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

दिनांक :
स्थान :

संगठन/संस्था के प्रमुख द्वारा अग्रेषित किए जाने हेतु (सरकारी/स्वायत/वैधानिक/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों इत्यादि में कार्यरत उम्मीदवार के संबंध में)

मंत्रालय/विभाग/कार्यालय
---------------------------------------------------------------------

------------------------------ द्वारा उल्लिखित विवरण सेवा अंभिलेखों से सत्यापित कर दिया गया है और इसकी सत्यता को प्रमाणित कर लिया गया है।

यह प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त अधिकारी के विरूद्ध सतर्कता संबंधी कोई भी मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है।

उपर्युक्त अधिकारी से संबंधित सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र संलग्न है।

(भेजने वाले अधिकारी के मुहर के साथ हस्ताक्षर और पदनाम)

पता :
दिनांक :